# अकारण लम्बित जाँचों को 10 दिन में निस्तारित करें : डीआइजी

झाँसी : पुलिस उप-महानिरीक्षक जोगेन्द्र कुमार ने सदर सर्किल का



अर्दली रूम किया। पुलिस अधिकारियों को अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने, विवेचनाओं का त्वरित निस्तारण किए जाने के सम्बन्ध में दिशा निर्देश दिए। डीआइजी ने लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए अधिक समय से अकारण लम्बित विवेचनाओं का निस्तारण 10 दिन में करने के निर्देश देते हुये पर्यवेक्षण अधिकारी को सतत समीक्षा करने को कहा। वाँछित अपराधियों को टीम बनाकर गिरफ्तार करने, नकबजनी, लूट आदि के अपराधों में संगठित रूप से संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध गैंग्स्टर की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। चिह्नित टॉप-10 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलकर उनकी निगरानी करने और उनकी अपराध से अर्जित को जब्त करने को कहा। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक (नगर) ज्ञानेन्द्र सिंह, सीओ (सदर) स्नेहा तिवारी व सदर सर्किल के थाना प्रभारी प्रेमनगर, बबीना, रक्सा, व बडागाँव उपस्थित रहे।